हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 30 अक्टूबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

07 निर्जला उपवास रख अखंड सुहाग की कामना, चांद के दर्शन कर...



08 प्रशासन की अनदेखी से शहर के चारों तरफ अवैध प्लॉटिंग का...



खबर संक्षेप

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 75 केंद्र प्रस्तावित

विदिशा। माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल की हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षा सत्र 2026-27 के लिए जिले में 75 परीक्षा केंद्र प्रस्तावित किए गए हैं। इनमें 66 केंद्र नियमित और 7 स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए हैं, जबकि दो नवीन केंद्र भी प्रस्तावित हैं। जिला शिक्षाधिकारी के अनुसार प्रस्तावित केंद्रों पर तीन दिवस में दावे-आपत्तियां आमंत्रित की गई हैं।..

छात्रों ने दिया सामाजिक समरसता का संदेश

विदिशा। संत शिरोमणि रविदास महाराज के 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में विद्या भारती मध्यभारत प्रांत की योजनानुसार सरस्वती शिशु मंदिर अंदरकिला में सामाजिक समरसता सप्ताह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और वंदना के साथ हुआ। मुख्य अतिथि अक्षय वंशकार ने कहा कि व्यक्ति का मूल्यांकन जाति से नहीं, बल्कि उसके गुण, कर्म और आचरण से होना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं।

किसान के परिजनों को 4 लाख की सहायता

विदिशा। ग्राम कुड़का खेड़ा में विद्युत दुर्घटना में मृत युवा किसान सुरेन्द्र प्रजापति के परिजनों को शासन के नियमानुसार 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी गई है। 25 वर्षीय सुरेन्द्र पिता रमेश प्रजापति की 16 अक्टूबर को हादसे में मौत हो गई थी। बिजली कंपनी ने प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए 27 अक्टूबर को सहायता राशि स्वीकृत की। इसके बाद गुरुवार को कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे ने मृतक के परिजनों को सहायता राशि का चेक सौंपा।

ग्राम विकास के लिए समितियों को प्रशिक्षण

शमशाबाद। जन अभियान परिषद नटेरन के मार्गदर्शन में आमखेड़ा कालू स्थित लक्ष्मण वट वृक्ष परिसर में समितियों का क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण हुआ। वन विकास निगम के उपाध्यक्ष राम मोहन सिंह बघेल ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रशिक्षण में शासकीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार, सामाजिक जागरूकता, अभिलेख संधारण और ग्राम विकास में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया।

शिक्षिकाएं आपस में करतीं थीं विवाद, एक निलंबित

विदिशा। जिला मुख्यालय पर शासकीय प्राथमिक शाला टीलाखेड़ी में पदस्थ दो शिक्षिकाओं के आपस में विवाद करती थीं, लगातार शिकायतों के चलते जिला शिक्षाधिकारी एनके अहिरवार ने प्राथमिक शिक्षिका शशि शर्मा को निलंबित कर ग्यारसपुर बीईओ कार्यालय भेज दिया है। आदेश में शिक्षिका शशि शर्मा और मंजू सूर्यवंशी के आपस में विद्यालय में विवाद करने की बात का उल्लेख किया गया है।

दीपावली से पहले पुलिस का मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन: 350 से अधिक पुलिसकर्मियों ने 718 ठिकानों पर दी दबिश, 195 गुंडा-बदमाशों की जांच, अवैध शराब के 12 मामलों में आरोपी गिरफ्तार

अभियान में 350 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दीपावली त्योहार को लेकर पुलिस मुस्तैद हो गई है। त्योहार के दौरान घटित होने वाली घटनाओं को नियंत्रित करने के लिए कमर सकते हुए पुलिस ने जिले में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए 28 और 29 अक्टूबर की रात मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। अभियान में 350 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। पुलिस ने एक ही रात में 294 वारंटों का निपटारा किया और गुंडा-बदमाशों सहित संदिग्ध व्यक्तियों के ठिकानों पर दबिश दी। अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 12 प्रकरण दर्ज किए गए और 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

एसपी रोहित काशवानी के मार्गदर्शन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में पांच एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी भी मैदान में मौजूद रहे। पुलिस ने वारंटियों की धरपकड़ के साथ



विदिशा। जिलेभर में एक साथ कार्रवाई करने के लिए पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों को निर्देश देतीं एएसपी मोनिका तिवारी।

होटल, ढाबों और संदिग्ध ठिकानों की जांच की। अभियान के दौरान पुलिस ने 40 स्थायी वारंट, 107 गिरफ्तारी वारंट और 147 जमानती वारंटों पर कार्रवाई की। इस तरह कुल 294 वारंटों का निष्पादन किया गया। इसके अलावा छह जिलाबदर व्यक्तियों और 116 हिस्ट्रीशीटरों की जांच की गई। पुलिस टीमों ने 195 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी। वहीं 44 होटल-ढाबों और 12 डेरों की भी जांच की गई। त्योहार के मद्देनजर पुलिस चौकन्नी नजर आ रही है। चप्पे-चप्पे पर नजर रखी जा रही है।

पांच एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी भी मैदान में मौजूद रहे।

कार्रवाई: 43.88 लीटर अवैध शराब जब्त

अवैध शराब के कारोबार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 12 मामले दर्ज कर 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 43 .88 लीटर अवैध शराब जब्त की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 22,560 रुपए बताई गई है। एसपी रोहित काशवानी ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, अवैध गतिविधि या अपराध से संबंधित जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण तथा आमजन की सुरक्षा के लिए इस तरह के आकस्मिक अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

स्वास्थ्य केंद्रों में अव्यवस्थाएं मिलीं, गर्भवती महिलाओं का फॉलोअप नहीं लेने पर कर्मचारी को नोटिस

गंदी चादरें देख भड़के कलेक्टर, फार्मासिस्ट का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कलेक्टर गुप्ता ने संजीवनी क्लीनिकों का भी किया निरीक्षण

जिले के स्वास्थ्य केंद्रों पर पर स्वास्थ्य सुविधाएं एकदम दुरस्त करने की कवायद शुरु हो गई है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को करैयाखेड़ा बस्ती और मोहनगिरी के अस्पताल का औचक निरीक्षण किया।

गुरुवार को जब कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने करैयाखेड़ा और मोहनगिरी के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण किया तो करैयाखेड़ा केंद्र में भर्ती मरीजों के बिस्तरों पर गंदी चादरें मिलीं, दवा वितरण कक्ष में दवाएं अव्यवस्थित पड़ी थीं। कलेक्टर ने सख्त लहजे में कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। फार्मासिस्ट का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं का नियमित फॉलोअप नहीं होने और आभा आईडी तक नहीं बनीं। संबंधित कर्मचारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने टीलाखेड़ी और रायसेन गेट स्थित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिकों का भी निरीक्षण किया। मरीजों से सीधे बातचीत कर स्वास्थ्य सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों को समय पर बेहतर उपचार देने तथा शासन की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संजीवनी क्लीनिक नागरिकों को घर के नजदीक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का महत्वपूर्ण माध्यम हैं, इसलिए यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को गुणवत्तापूर्ण उपचार मिलना चाहिए।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम मनीष कुमार जैन, सीएमएचओ डॉ. रामरहित कुमार सहित अन्य अधिकारी और चिकित्सकीय स्टाफ मौजूद रहा। चिंताजनक यह है क जिला मुख्यालय के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और गांवों में लापरवाही बहुत ज्यादा है।



विदिशा। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी लेते कलेक्टर।

निरीक्षण में भागबाई को तत्काल मिला आयुष्मान कार्ड

कलेक्टर को करैया खेड़ा बस्ती के शासकीय अस्पताल का निरीक्षण के दौरान भागबाई लोधी मिलीं। कलेक्टर ने उनसे बातचीत की तो पता चला कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर योजना प्रभारी डॉ. पुनीत महेश्वरी ने तत्काल कार्ड बनाकर भागबाई लोधी को सौंपा।

अब गांवों में हो सकते हैं औचक निरीक्षण

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की कार्यप्रणाली से साफ नजर आ रहा है कि अब किसी भी दिन तहसील मुख्यालय और गांवों के अस्पतालों का औचक निरीक्षण हो सकता है। अब यदि लापरवाही पकड़ में आई तो सख्त कार्रवाई होगी।

शिक्षिका के घर पैदल पहुंच गए कलेक्टर

विदिशा। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने गुरुवार को शिक्षक कॉलोनी स्थित शासकीय प्राथमिक शाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय में छात्र उपस्थित थे, लेकिन कोई शिक्षक मौजूद नहीं था। बच्चों ने बताया कि शिक्षिका मीना पाठक पास ही स्थित अपने घर गई हैं। इस पर कलेक्टर स्वयं पैदल उनके घर पहुंचे। विद्यालय में शिक्षक की अनुपस्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी जताई और संबंधित शिक्षिका को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को स्कूलों का नियमित निरीक्षण कर शिक्षकों की उपस्थिति और शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



व्यापारी बोले: एन वक्त पर मिलते हैं पटाखा लाइसेंस दुकानें बनाएं या माल लेने जाएं

दुकानें तैयार करने में लगेंगे 2 से 3 दिन, देरी हुई तो त्योहार पर व्यापार के लिए नहीं मिलेगा पर्याप्त समय



विदिशा। एसडीएम के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए पटाखा व्यापारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दीपावली के पहले रामलीला मैदान में अस्थायी पटाखा बाजार लगाने वाले व्यापारियों ने लाइसेंस और दुकान आवंटन की प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग की है। इस संबंध में व्यापारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर लिखित आवेदन सौंपा और 2 नवंबर से पहले प्रक्रिया पूरी कराने की गुहार लगाई।

व्यापारियों का कहना है कि जिला प्रशासन द्वारा अस्थायी पटाखा बिक्री के लाइसेंस जारी किए जाते हैं, जबकि नगर पालिका दुकानों के लिए स्थान आवंटित करती है। दुकान तैयार करने और व्यवस्थित करने में दो से तीन दिन का समय लगता है। ऐसे में यदि प्रक्रिया में देरी हुई तो दीपावली के दौरान व्यापार करने के लिए पर्याप्त समय नहीं बचेगा। व्यापारियों ने मांग की कि लाइसेंस जारी करने और स्थान आवंटित करने की प्रक्रिया जल्द शुरू कर पूरी की जाए, ताकि वे समय पर दुकानें तैयार कर सकें और त्योहार से पहले ग्राहक भी पटाखों की खरीदी कर सकें।

थ्रेसर चोरी मामले में पुलिस ने 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

थ्रेसर, चेक व्हील, कल्टीवेटर और बोलेरो पिकअप जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



कोतवाली पुलिस ने खुशी एग्रो सेल्स से कृषि उपकरण थ्रेसर चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को अभिरक्षा में लिया है।

पुलिस ने उनके कब्जे से मल्टीकैप थ्रेसर, चेक व्हील, कल्टीवेटर और बोलेरो पिकअप सहित करीब 14 लाख रुपए का मशरूका बरामद किया है। पुलिस के अनुसार 17 सितंबर को अनिल शर्मा की रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर दीपक शर्मा (27), निवासी सिरोंज और जितेंद्र कुशवाह (23), निवासी भोपाल को अभिरक्षा में लिया गया। जब्त बोलेरो पिकअप मैहर जिले से चोरी की गई बताई गई है। कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में की गई।

वार्ड 2 में विधायक ने लोगों की समस्याएं सुनीं

विदिशा। विधायक मुकेश टंडन ने गुरुवार सुबह वार्ड क्रमांक 2 का भ्रमण कर स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। नागरिकों ने वार्ड की मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं से उन्हें अवगत कराया। विधायक ने मौके पर मौजूद नगर पालिका अधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को असुविधा न हो, इसके लिए संबंधित अधिकारी गंभीरता से कार्रवाई करें। इस दौरान भाजपा नेता राकेश शर्मा, सीएमओ दुर्गेश ठाकुर, मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाह सहित नगर पालिका के इंजीनियर, दरोगा और वार्ड प्रभारी मौजूद रहे।

बारिश से मंडी में धान भीगी, सिर्फ दो दिन धान खरीदी बंद



विदिशा। गुरुवार को अचानक मौसम में बदलाव के बाद बारिश शुरू हो गई। जिससे मिर्जापुर स्थित नई मंडी में खुले में रखी व्यापारियों की धान भीग गई। जिसे देखते हुए दो दिन के लिए नीलामी बंद कर दी गई है। सोमवार को धान खरीदी जाएगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

गुरुवार को अर्नब तूफान का असर विदिशा में भी देखने को मिला। सुबह से ही मौसम खराब रहा। और कई घंटों तक ठंडी हवाओं के साथ रिमझिम बारिश होती रही। खराब मौसम के कारण बारिश की संभावना दो देखते हुए मंडी में धान की नीलामी शुक्रवार और शनिवार दो दिन के लिए बंद कर दी गई है। अनाज तिलहन कल्याण उत्थान संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी ने बताया कि मिर्जापुर स्थित नई मंडी में खुले आसमान के नीचे धान तौली जाती है। इसलिए नीलामी बंद की गई है। उन्होंने किसानों से मांग की है कि दो दिन तक मंडी में धान विक्रय के लिए लेकर न आएं।

नशीले पदार्थों से युवक की मौत के मामले में 3 गिरफ्तार, गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

कोतवाली पुलिस ने 230 एमएल एविल इंजेक्शन किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

नशीले पदार्थों की उपलब्धता से युवक की मौत के मामले में विदिशा पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। कार्रवाई के दौरान 230 एमएल एविल इंजेक्शन जब्त किए गए हैं। मामले में अन्य संभावित संलिप्त लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

पुलिस के अनुसार 25 सितंबर को श्रद्धानंद पथ निवासी 26 वर्षीय आदर्श मालवीय की आकस्मिक मृत्यु के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि मृतक नशे का सेवन करता था। स्मैक उपलब्ध नहीं होने पर वह एविल इंजेक्शन में अल्प्राजोलम दवा मिलाकर नशा करने लगा था। परिजनों और साक्षियों के बयानों में नशीले पदार्थ उपलब्ध कराने वाले लोगों की भूमिका भी सामने आई।

जांच के दौरान भोपाल के दो मेडिकल स्टोर से बिना चिकित्सकीय पर्चे के दवाइयां बेचे जाने की भी पुष्टि हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, औषधि निरीक्षक की जानकारी और अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अपराध क्रमांक 713/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 में प्रकरण दर्ज किया।

तीन आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने 29 अक्टूबर को फराज अहमद (29), सोहेल (30) और साजिद (50), तीनों निवासी भोपाल, को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में यह कार्रवाई की गई। पुलिस का कहना है कि नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री और उपलब्धता से लोगों की जान खतरे में डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

उरेश भारती ने नाबाद 102 रन बनाकर जीता मैन ऑफ द मैच

पहली पारी की बढ़त से सीहोर ने रायसेन को हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (एमपीसीए) के तत्वावधान में भोपाल डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन (बीडीसीए) द्वारा आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट टूर्नामेंट में सीहोर जिला टीम ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर रायसेन को पराजित किया।

मुकाबला विदिशा जिला क्रिकेट संघ के मैदान पर खेला गया। बारिश और खराब मौसम के कारण मैच प्रभावित रहा और दूसरे दिन कुछ ही ओवरों का खेल हो सका। मुकाबले में रायसेन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन पूरी टीम पहली पारी में 104 रन बनाकर आउट हो गई। जवाब में सीहोर की टीम ने दमदार बल्लेबाजी करते हुए 254 रन बनाए। इस तरह सीहोर ने पहली पारी में 150 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर मुकाबले में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। सीहोर की ओर से उरेश भारती ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 102 रन बनाए। वहीं, निर्मल मेवाड़ा ने 48 रन की उपयोगी पारी खेली। दोनों बल्लेबाजों के योगदान से सीहोर की टीम बड़ा स्कोर खड़ा करने में सफल रही। शानदार शतकीय पारी के लिए उरेश भारती को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

पहली पारी में पिछड़ने के बाद रायसेन की टीम दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी, लेकिन बारिश के कारण खेल आगे नहीं बढ़ सका। अंततः पहली पारी में 150 रन की बढ़त के आधार पर सीहोर को विजेता घोषित किया गया।



विदिशा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को पुरस्कृत करते हुए पदाधिकारी।

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2335
उच्चतम भाव-6851
सरसों
न्यूनतम भाव-6700
उच्चतम भाव-8510
चना
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7000
मसूर
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-6130
शरबती
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-5200
गेंहू 1544
न्यूनतम भाव-2550
उच्चतम भाव-3480
बटरी
न्यूनतम भाव-1800
उच्चतम भाव-3770
मूंग
न्यूनतम भाव-1960
उच्चतम भाव-6760
उड़द
न्यूनतम भाव-3310
उच्चतम भाव-7400
मक्का
न्यूनतम भाव-1510
उच्चतम भाव-2671
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2350
उच्चतम भाव-3800
धनिया
न्यूनतम भाव-10000
उच्चतम भाव-10000
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-4840
मटर
न्यूनतम भाव-2700
उच्चतम भाव-2700
अलसी
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-8000

कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 31801 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

भूमि शर्मा राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित



गंजबासौदा। राइजिंग पब्लिक स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा भूमि पुत्री भावना इंद्रेश शर्मा ने राजगढ़ में आयोजित संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, परिवार एवं नगर का नाम रोशन किया है। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर छात्रा का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ है। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, परिजनों, शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।



पति की लंबी उम्र के लिए सुहागिनों ने रखा निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गुरुवार को नगर सहित ग्रामीण अंचल में सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु की कामना के लिए दिन भर व्रत रखकर रात्रि को विधि विधान से माता करबा चौथ की पूजन अर्चन की।

हांलाकि बादलों के कारण गुरूवार को चंद्रमा के दर्शन नहीं हो सके, जिससे महिलाओं को निराशा हुई, लेकिन विद्वानों के मतानुसार महिलाओं ने विधान अनुसार चंद्रमा की पूजन कर, अर्घ्य देकर पति का तिलक लगाकर, पूजन कर पति के हाथ से जल पीकर उपवास खोला। उल्लेखनीय है कि नगर सहित ग्रामीण अंचलों में करवाचौथ की तैयारी जोरों पर चल रही थीं। इस पर्व को देखते हुए बाजार में भी रंग बिरंगे और आकर्षक करबों के साथ पूजन सामग्री बेंचने वालों की दुकानें कुछ दिन पहले से ही सज गई थीं। जिनसे महिलाओं ने अपनी पसंद और रूचि अनुसार करबे एवं पूजन सामग्री, कपडे एवं उपहार सामग्री की खरीददारी की। जिससे दीवाली के पहले बाजार में अच्छी रौनक नजर आई। करवा चौथ के दिन सभी सौभाग्यवती महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु और सुख समृद्धि की कामना के साथ व्रत रखा। दिन भर व्रत रखने के बाद रात्रि के समय चंद्रमा को अर्घ्य देकर भगवान शिव गणपति कार्तिकेय एवं स्कंध की पूजन कर पति की दीर्घ आयु, संतान के भाग्य एवं सब प्रकार की बाधाओं से निजात पाने के लिए कामना की गई।

इस व्रत में महिलाएं करवा में मिठाई, पकवान भरकर भगवान को भोग लगाकर सौभाग्यवती स्त्री को भेंट करती हैं। चंद्र दर्शन के पश्चात ही प्रसादी ग्रहण करती हैं और पति एवं चंद्रमा की पूजन कर पति के हाथ से जल पीकर व्रत खोलती हैं, लेकिन गुरूवार को बादलों के कारण चंद्रमा नजर नहीं आया। ऐसे में विद्वानों के निर्देशानुसार व्रत खोला गया।

ग्राम ककरावदा में बन रहा स्वास्थ्य केंद्र भवन, गुणवत्ता पर सवाल

छत डालकर तराई करना भूले दरारों की शिकायत पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





समीपस्थ ग्राम ककरावदा में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण चल रहा है, लेकिन यह निर्माण बिना मॉनिटरिंग के हो रहा है। गुणवत्ताहीन निर्माण की बानगी देखिए कि भवन की छत को डाले हुए चार दिन हो गए और उसकी तराई नहीं की गई। जिससे छत में जगह जगह दरारें पड़ गईं। शिकायत के बाद ठेकेदार ने खानापूर्ति के लिए छत में पानी भर दिया, लेकिन जिन तकनीकी विशेषज्ञों को इसकी मॉनिटरिंग करना थी, वे स्थिति देखने तक नहीं पहुंचे। अब आसानी से समझा जा सकता है कि लोगों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कराए जा रहे निर्माण कार्य कैसी गुणवत्ता के बन रहे हैं और ये कब तक टिकेंगे।

उल्लेखनीय है कि स्वास्थ्य मिशन द्वारा अनेक गांवों में लोगों को सुविधाजनक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। करोडों रूपए की लागत के इन निर्माण कार्यों में से कई कार्य निर्माण एजेंसियों ने पेटी ठेके पर दे रखे हैं और जिम्मेदार अधिकारी भी इन निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग नहीं कर रहे हैं। जिससे इनकी गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

इसी तरह का एक स्वास्थ्य केन्द्र भवन ग्राम ककरावदा में भी बनाया जा रहा है। जिसके निर्माण में शुरू से ही गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा था। ग्रामीणों की आपत्तियों के बाद भी ठेकेदार ने गुणवत्ता पर या तराई पर ध्यान नहीं दिया और भवन का निर्माण तक कर दिया। करीब सात दिन पूर्व ठेकेदार ने भवन की छत डाल दी, लेकिन दूसरे दिन से उसकी तराई के लिए पानी नहीं भरा। साथ ही दूसरे दिन छत की अधिकांश सेंटिंग भी खोल ली गई। परिणाम यह निकला कि छत डालने के चार दिन बाद भी जब तराई नहीं हुई तो उसकी सीमेंट में दरारें स्पष्ट नजर आने लगीं। ग्राम के जागरूक ग्रामीण विजय सिंह रघुवंशी एवं अन्य ग्रामीणों ने जब इस स्थिति को देखा तो उन्होंने त्योंदा बीएमओ डॉ नीलेश गुर्जर, सीएमएचओ कार्यालय के उपयंत्री केशव सिंह रघुवंशी से इस संबंध में शिकायत की। जिसके बाद गत दिवस ठेकेदार ने सीमेंट बालू के मिश्रण से छोटी पार बनाकर नाममात्र का पानी छत में भरकर खानापूर्ति कर ली, लेकिन कॉलम और दीवारों की तराई की कोई व्यवस्था नहीं कराई। अब सवाल यह है कि करोडों रूपए लागत के जनहितकारी निर्माण कार्य बिना मॉनिटरिंग के हो रहे हैं और ये कब तक टिक पाएंगे। इस संबंध में उपयंत्री केशव सिंह रघुवंशी से कई बार संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन उनका मोबाइल नंबर बंद पाया गया।इस संबंध में त्योंदा बीएमओ डॉ नीलेश गुर्जर का कहना था कि इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। अब वे ही इस संबंध में कोई कार्रवाई कर सकेंगे।

आबकारी विभाग ने देसी अवैध मदिरा जब्त की



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशानुसार तथा जिला आबकारी अधिकारी विकास त्रिपाठी, सहायक जिला आबकारी अधिकारी साधना पटेल के मार्गदर्शन में जिले के आबकारी स्टॉफ द्वारा बुधवार को अवैध मदिरा के विरुद्ध कार्रवाई की। इस दौरान ग्राम पंचायत लहदरा की आदिवासी बस्ती शंकरगढ़ क्षेत्र में मदन आदिवासी के मकान की विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान मदन आदिवासी के कब्जे से 32 पाव देसी मसाला मदिरा बरामद की गई। अवैध रूप से मदिरा रखने के मामले में आरोपी मदन आदिवासी के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) क के अंतर्गत प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया है।

लाइब्रेरी में नियमित पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की, एबीवीपी ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय की लाइब्रेरी में पाठ्यक्रम के अनुसार पर्याप्त पुस्तकें उपलब्ध कराने और विद्यार्थियों की शैक्षणिक समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की नगर इकाई ने प्राचार्य संगीता गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। परिषद ने महाविद्यालय प्रशासन को समस्याओं के निराकरण के लिए 15 दिन का समय दिया है। निर्धारित अवधि में मांगें पूरी नहीं होने पर पुनः प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गई।

मास्टर्स एथलेटिक संघ की जिला स्तरीय प्रतियोगिता 1 नबंवर को

गंजबासौदा। मास्टर्स एथलेटिक संघ की जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नात्कोत्तर स्मृति महाविद्यालय परिसर में एक नवंबर को सुबह 9 बजे आयोजित किया जा रहा है। जिसमें 30 वर्ष से लेकर 90 वर्ष के आयु वर्ग के महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। प्रतियोगिता में लॉन्ग जंप , जैवलिन थ्रो, हैमर थ्रो, डिस्कस थ्रो, गोला फेक, 5 किलोमीटर पैदल चल एवं रनिंग स्पर्धाएं आयोजित की जाएगी। यह प्रतियोगिता मास्टर्स एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया ब्रांच मध्य प्रदेश के इंचार्ज जोएल पैट्रिक के निर्देशानुसार एवं प्रदेश के कोऑर्डिनेटर चरणजीत वेद की स्वीकृति के अनुसार आयोजित कि रही है। खिलाड़ियों से अनुरोध है कि प्रतियोगिता में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी आगामी 15 नवंबर को जबलपुर में आयोजित होने वाली स्टेट टूर्नामेंट में भाग ले सकेंगे। उक्त जानकारी जिला मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष दिनेश मोहन श्रीवास्तव द्वारा दी गई।



अर्नब चक्रवात का असर, नगर में होती रही रिमझिम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा





अर्नब चक्रवात के चलते एक बार फिर इलाके में मौसम की गतिविधि बदल गई है और दो तीन दिनों के लिए बारिश का मौसम सक्रिय हो गया है। गुरुवार को सुबह से मौसम तो साफ रहा, लेकिन ठंडी हवाएं चलती रहीं। वहीं दोपहर से नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में रिमझिम बारिश शुरू हुई जो शाम तक जारी रही। लगभग पांच घण्टों तक हल्की बारिश होती रही, जिससे सड़कें भीग गईं एवं मौसम में ठंडक घुल गई। इस बारिश से पलेवा की तैयारी कर रहे किसानों को कोई राहत नहीं मिली है और वे अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं, वहीं धान की फसल की कटाई कर रहे किसानों की परेशानी बढ गई है। उल्लेखनीय है कि पिछले दिनों समुद्री चक्रवात अर्नब देश के आंध्र प्रदेश, उडीसा के तटों से टकराया था। जिससे इस चक्रवात का असर तटीय प्रदेशा के अलावा मप्र पर भी नजर आ रहा है। इसी कारण अब आगामी 31 अक्टूबर तक क्षेत्र में बादल और बारिश का मौसम बना रहने के संकेत हैं। चक्रवात के असर के चलते ही गुरूवार को दोपहर से इलाके भर में रिमझिम बारिश का दौर शुरू हो गया है।

गौरतलब है कि इन दिनों इलाके में सोयाबीन की फसल की कटाई के बाद किसान पलेवा और बोवनी की तैयारियों में जुटे हुए हैं। वहीं धान की फसल पक चुकी है और उसकी कटाई एवं गहाई चल रही है। ऐसे में बारिश का दौर शुरू होने से कुछ किसानों को राहत की उम्मीद है तो कुछ की परेशानी बढ गई है। किसानों का कहना है कि बारिश के कारण धान की पकी और कटी पडी फसल खराब हो सकती है। वहीं पलेवा की तैयारी कर रहे किसानों को अच्छी बारिश होने से सिंचाई से राहत मिल जाएगी। आज दिन भर हुई बारिश से सडकें तो भीग गई हैं, लेकिन खेतों में ज्यादा असर नहीं हुआ है। खेतों की पर्याप्त सिंचाई के लिए किसान और अच्छी बारिश की कामना कर रहे हैं। ग्राम हिन्नौदा के प्रगतिशील कृषक बलराम सिंह यादव ने बताया कि इस हल्की बारिश से खेतों में कोई खास अंतर नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खेतों में नमी की काफी कमी है, हल्की बूंदाबांदी से केवल ऊपरी सतह ही गीली हुई है। यदि तेज बारिश होती है तो निश्चित ही खेतों में पर्याप्त नमी आ जाएगी और रबी फसल की बुवाई के लिए अनुकूल स्थिति बन जाएगी।

उधर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने अब आगामी 31 अक्टूबर तक बादल और बारिश का मौसम बना रहने के संकेत दिए हैं। इन वेबसाइटों के अनुसार गुरूवार की रात भी बारिश की संभावना है। इसके बाद आगामी 1 नवंबर तक आसमान पर बादल छाए रह सकते हैं और उनसे कभी कभार हल्की बारिश हो सकती है।

कार्तिक स्नान करने आने वाली महिलाओं मिली राहत

नगरपालिका ने रखवाए चैंजिंग रुम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

बेतवा नदी स्थित रिपटा घाट पर कार्तिक स्नान के लिए पहुंचने वाली महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका ने चैंजिंग रूम की व्यवस्था कराई है। इससे स्नान के बाद महिलाओं को कपड़े बदलने के लिए होने वाली परेशानियों से राहत मिलेगी। उल्लेखनीय है कि कार्तिक माह में बड़ी संख्या में महिलाएं धार्मिक आस्था के चलते बेतवा नदी के रिपटा घाट पर स्नान करने पहुंचती हैं। घाट पर कपड़े बदलने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से महिलाओं को असुविधा का सामना करना पड़ता था। इसी समस्या को देखते हुए नगर पालिका द्वारा घाट पर चेंजिंग रूम रखवाए गए हैं।नगर पालिका की इस पहल से कार्तिक स्नान करने आने वाली महिलाओं को सुविधा मिलने के साथ ही उनकी निजता भी बनी रहेगी। रिपटा घाट पर चैंजिंग रुम रखवाए जाने पर महिलाओं ने नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव, नपा सांसद प्रतिनिधि का आभार माना है।



ग्राम विकास को लेकर प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित

सारंगपुर। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सारंगपुर के अंतर्गत ग्राम बिलोदा पाल में जिला समन्वयक प्रवीण पवार के नेतृत्व में प्रस्फुटन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए समिति द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में वृक्षारोपण, नवांकुर संस्था के माध्यम से पौधों का वितरण, नारी शक्ति अभियान के अंतर्गत किए गए कार्यों, सुंदरकांड समिति के आयोजन, संस्कार केंद्र के संचालन तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को निशुल्क कोचिंग देने वाले कार्यकर्ताओं के प्रयासों पर चर्चा की गई। साथ ही गांव में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने और सामाजिक गतिविधियों में जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। आगामी कार्यक्रमों के अंतर्गत वृक्षारोपण एवं जल संरक्षण के लिए बोरी बंधान कार्य कराने पर विचार-विमर्श किया गया।

भूसे के ढेर में लगी आग से हुआ नुकसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

ग्राम रोजरू में खेत एवं फैक्ट्री परिसर में रखे भूसे के ढेर में अज्ञात कारणों से आग लगने की घटना सामने आई है। आग की चपेट में आने से भूसा जल गया, वहीं पास में रखे कारपेट और तिरपाल भी जलकर नष्ट हो गए। घटना में सुनील जैन को आर्थिक नुकसान होने की बात कही गई है। इस संबंध में सुनील जैन निवासी गंजबासौदा ने देहात थाना प्रभारी को आवेदन सौंपकर घटना की जांच कराने की मांग की है। आवेदन में बताया गया है कि ग्राम रोजरू स्थित उनके खेत एवं फैक्ट्री परिसर में भूसा रखा हुआ था। इसी दौरान अज्ञात कारणों से भूसे के ढेर में आग लग गई, जिससे भूसा जल गया। आग के कारण वहां रखे कारपेट और तिरपाल भी जलकर नष्ट हो गए। सुनील जैन ने आवेदन के माध्यम से पुलिस से घटना की जांच कर आग लगने के कारणों का पता लगाने तथा नियमानुसार उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

नपा अमले ने किया निरीक्षण



गंजबासौदा। गुरुवार को नेहरू चौक का नगरपालिका निरीक्षण सभापति के नेतृत्व में नपा स्वास्थ्य अधिकारी धीरज मीना ने निरीक्षण किया। इस दौरान नेहरु चौक पर लगने वाले हाथ ठेले एवं फुटकर दुकानदारों को समझाईश दी गई। यहां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका अमले द्वारा नगर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने एवं साफ, सफाई व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए नगरवासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए समय समय पर निरीक्षण किया जाता है, जिससे आमजन को परेशान न हो।

महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए रखा करवा चौथ का व्रत

निर्जला उपवास रख अखंड सुहाग की कामना, चांद के दर्शन कर पति के हाथों पानी पीकर खोला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

नगर में गुरुवार को करवा चौथ का पर्व पारंपरिक श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन में खुशहाली की कामना करते हुए दिनभर निर्जला व्रत रखा। शाम होते ही घरों और मंदिरों में पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। महिलाओं ने विधि-विधान से करवा चौथ की पूजा की और कथा सुनकर अखंड सौभाग्य की कामना की। रात में चंद्रमा के दर्शन के बाद अर्घ्य अर्पित किया और छलनी से चंद्रमा तथा अपने पति का चेहरा देखकर व्रत का पारणा किया। पूरे नगर में पर्व को लेकर उत्साह और धार्मिक माहौल बना रहा।



चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति के दर्शन किए

सुबह से ही शुरू हुई व्रत की तैयारियां

करवा चौथ को लेकर सुहागिन महिलाओं ने सुबह चार बजे से पहले उठकर व्रत की तैयारियां शुरू कर दी थीं। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने सुबह से ही अन्न-जल का त्याग कर निर्जला उपवास रखा। दिनभर व्रत रखने के साथ महिलाओं ने घरों में पूजा की तैयारियां कीं। पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह रहा। बाजारों और घरों में भी त्योहार की रौनक दिखाई दी। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों और आभूषणों से सजकर सोलह श्रृंगार किया। कई महिलाओं ने हाथों में मेहंदी रचाई, वहीं कुछ महिलाएं ब्यूटी पार्लर में सजने-संवरने पहुंचीं। करवा चौथ पर महिलाओं ने लाल, गुलाबी और अन्य आकर्षक रंगों के पारंपरिक परिधान पहनकर पर्व की खुशियों को साझा किया। साड़ी, चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर, मंगलसूत्र और अन्य श्रृंगार सामग्री के साथ महिलाओं ने पारंपरिक रूप से तैयार होकर पूजा-अर्चना की। घर-परिवार की महिलाओं ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

करवा चौथ के व्रत में चंद्रदर्शन का विशेष महत्व माना जाता है। रात में चंद्रमा निकलने के बाद महिलाओं ने अपने घरों की छतों और खुले स्थानों पर पहुंचकर चंद्रमा के दर्शन किए। मिट्टी के करवे में जल भरकर चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित किया और पूजा-अर्चना कर अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने छलनी में दीपक रखकर पहले चंद्रमा के दर्शन किए और फिर उसी छलनी से अपने पति का चेहरा देखा। इसके बाद पति के हाथों से पानी पीकर व्रत खोला और मिठाई ग्रहण कर पारणा किया। इस पारंपरिक रस्म के दौरान परिवारों में खुशी का माहौल रहा। महिलाओं ने अपने पति और परिवार के साथ पर्व की खुशियां साझा कीं। दिनभर निर्जला उपवास रखने के बाद चंद्रदर्शन कर व्रत खोलने की परंपरा को महिलाओं ने पूरी श्रद्धा के साथ निभाया।

मंदिरों में पूजा-अर्चना कर सुनी करवा चौथ की कथा

शाम के समय महिलाओं ने करवा चौथ की पूजा के लिए विशेष तैयारियां कीं। महिलाएं मंदिरों में पहुंचीं और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर करवा चौथ की कथा सुनी। पूजा के दौरान मिट्टी से बने करवे का विशेष महत्व रहा। परंपरा के अनुसार महिलाओं ने करवे का आदान-प्रदान किया और पूजा सामग्री के साथ भगवान गणेश, भगवान शिव तथा माता पार्वती की आराधना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने अपने पति की दीर्घायु, अच्छे स्वास्थ्य और परिवार में सुख-शांति बनाए रखने की प्रार्थना की। महिलाओं ने माता करवा चौथ से अपने अखंड सुहाग और दांपत्य जीवन में प्रेम एवं विश्वास बनाए रखने की कामना की। घरों में भी महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा की और परिवार की बुजुर्ग महिलाओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। पर्व के चलते घर-घर में धार्मिक और उत्सवी माहौल देखने को मिला।

करवा चौथ की पौराणिक कथा में छिपा है समर्पण का संदेश

करवा चौथ के अवसर पर व्रत रखने वाली महिलाओं ने पारंपरिक कथा का श्रवण किया। इस पर्व से जुड़ी कथाओं में पति-पत्नी के प्रेम, समर्पण, विश्वास और अटूट रिश्ते का संदेश मिलता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए यह व्रत रखती हैं। एक प्रचलित पौराणिक कथा सावित्री और सत्यवान से भी जुड़ी हुई है। कथा के अनुसार, जब यमराज सत्यवान के प्राण लेने आए तो उनकी पत्नी सावित्री ने अपने पतिव्रत धर्म और दृढ़ संकल्प के बल पर यमराज से अपने पति के जीवन की रक्षा करने का आग्रह किया। सावित्री ने यमराज से अपने पति को जीवनदान देने की प्रार्थना की। उनकी निष्ठा, बुद्धिमत्ता और अटूट संकल्प से प्रसन्न होकर यमराज ने सत्यवान के प्राण लौटा दिए। इस कथा को भारतीय परंपरा में पति-पत्नी के अटूट संबंध, निष्ठा और समर्पण के प्रतीक के रूप में याद किया जाता है। करवा चौथ पर महिलाएं ऐसी धार्मिक कथाओं का श्रवण कर अपने वैवाहिक जीवन की सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली की कामना करती हैं।

पारंपरिक वस्त्रों और आभूषणों से किया सोलह श्रृंगार

करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं में सजने-संवरने को लेकर विशेष उत्साह दिखाई दिया। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वस्त्रों और आभूषणों से सजने लगी थीं। कई महिलाओं ने हाथों में मेहंदी लगवाई, तो कई ने साड़ी और आकर्षक परिधानों के साथ पारंपरिक आभूषण पहनकर सोलह श्रृंगार किया। बिंदी, चूड़ियां, सिंदूर, मंगलसूत्र और अन्य श्रृंगार सामग्री के साथ महिलाओं ने पर्व की परंपराओं को निभाया। शाम को पूजा के दौरान सोलह श्रृंगार में सजी महिलाएं एकत्रित हुईं। उन्होंने सामूहिक रूप से पूजा की और करवा चौथ की कथा सुनकर व्रत की रस्में पूरी कीं। महिलाओं ने परिवार के बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना की। पर्व के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों और धार्मिक मान्यताओं के प्रति महिलाओं की आस्था स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

गणेश और माता पार्वती की पूजा का विशेष महत्व

करवा चौथ पर भगवान गणेश और माता पार्वती की पूजा को विशेष महत्व दिया जाता है। इस दिन महिलाएं विधि-विधान से पूजा सामग्री तैयार कर भगवान गणेश, भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करती हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पूजा के माध्यम से परिवार में सुख-शांति, समृद्धि और वैवाहिक जीवन में खुशहाली की कामना की जाती है। पंडित राजेन्द्र जोशी के अनुसार, करवा चौथ के दिन भगवान गणेश एवं माता पार्वती की पूजा का विशेष महत्व है। परंपरा के अनुसार मिट्टी के कलश में जल भरकर उसमें तिल और चावल आदि रखे जाते हैं तथा करवा दान की रस्म निभाई जाती है। पूजा के दौरान महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और अखंड सौभाग्य की कामना करती हैं।

घर-घर में रहा उत्सव और खुशियों का माहौल

करवा चौथ के पर्व पर सिरोंज नगर में घर-घर में उत्साह और उल्लास का वातावरण रहा। महिलाओं ने अपने परिवार और मोहल्ले की अन्य महिलाओं के साथ मिलकर पूजा-अर्चना की। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ की कथा सुनी और एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं। परिवार के सदस्यों ने भी महिलाओं के व्रत और पूजा की तैयारियों में सहयोग किया। चंद्रमा के दर्शन के बाद महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ व्रत का पारणा किया। पति के हाथों से पानी पीकर व्रत खोलने की रस्म के साथ दिनभर की पूजा संपन्न हुई। इस दौरान परिवारों में खुशियां देखने को मिलीं। करवा चौथ ने एक बार फिर नगर में पारंपरिक संस्कृति, धार्मिक आस्था और पारिवारिक प्रेम की झलक प्रस्तुत की। सुहागिन महिलाओं ने व्रत रखकर अपने पति की लंबी उम्र, सुखी दांपत्य जीवन और परिवार की समृद्धि की मंगलकामना की।

गल्ला दुकान पर खड़े ट्रैक्टर को देख मक्का खरीदी की जांच करने पहुंचे एसडीएम

देवरीकलां। देवरी नगर के माणिकचंद तिराहे स्थित गल्ला व्यापारी की दुकान पर मक्का से भरा ट्रैक्टर खड़ा देख प्रशासनिक अमला जांच के लिए पहुंचा। एसडीएम मुनव्वर खान, नायब तहसीलदार चंद्रभान दीवान एवं कृषि उपज मंडी के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर मक्का की खरीदी के संबंध में जानकारी ली। जानकारी के अनुसार, एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि वे नियमित निरीक्षण के दौरान संबंधित गल्ला व्यापारी खेमचंद दरवारी लाल की दुकान पर पहुंचे थे। वहां मक्का विक्रय के लिए एक ट्रैक्टर खड़ा मिला। पूछताछ के दौरान किसान ने बताया कि वह अपना मक्का मंडी में नहीं ले गया था। वहीं, व्यापारी से जानकारी लेने पर पता चला कि उक्त मक्का मंडी से नहीं खरीदा गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने कृषि उपज मंडी के दल को व्यापारी के स्टॉक का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं। मंडी दल यह जांच करेगा कि दुकान पर मौजूद मक्का मंडी के माध्यम से खरीदा गया है या सीधे किसानों से खरीदी की गई है। एसडीएम मुनव्वर खान ने बताया कि स्टॉक की जांच के बाद यदि किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित व्यापारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।



देवरी और रहली क्षेत्र में आबकारी विभाग की कार्रवाई, आठ प्रकरण दर्ज

सागर। मध्यप्रदेश आबकारी आयुक्त के निर्देशानुसार अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत जिला आबकारी विभाग सागर द्वारा वृत्त देवरी एवं वृत्त रहली क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई की गई। सहायक आबकारी आयुक्त वंदना पांडेय के आदेशानुसार वृत्त प्रभारी सुश्री मोनिका चंदेल एवं आबकारी अमले के संयुक्त दल ने ग्राम समनापुर, महाराजपुर एवं छिरारी में दबिश दी। कार्रवाई के दौरान मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(क) एवं 34(1)(च) के अंतर्गत कुल 8 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। कार्रवाई में 6.5 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची मदिरा एवं 720 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। बरामद लाहन का नमूना लेकर शेष लाहन को मौके पर विधिवत नष्ट किया गया। अवैध मदिरा एवं मदिरा निर्माण सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 73,300 रुपये आंकी गई है। प्रकरणों में तीन आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। शेष प्रकरणों में विवेचना जारी है तथा संबंधित आरोपियों की तलाश की जा रही है।

मुनिसंघ के प्रवचन महावीर जिनालय शास्त्री वार्ड में आज

सागर। निर्यापक श्रमण श्री अभयसागर महाराज ससंघ का प्रवास 30 अक्टूबर शुक्रवार को भाग्योदय रोड स्थित शास्त्री वार्ड महावीर जिनालय में रहेगा। मुकेश जैन ढाना ने बताया कि प्रातः 7.30 बजे भाग्योदय तीर्थ से विहार कर महावीर जिनालय पहुंचेंगे। सुबह 8:45 बजे आचार्य श्रीजी की पूजन,9 बजे से प्रवचन और 10 बजे आहारचर्या होगी। विद्योदय तीर्थ क्षेत्र (25 एकड़) में 28 नवंबर से होने वाले समवशरण विधान में अब तक 130 से अधिक समवशरण मंडल श्रद्धालुओं ने आरक्षित कर लिए हैं। मुनि संघ का अब तक 20 से अधिक जैन मंदिरों में प्रवास हो चुका है।

वाल्मीकि प्रकटोत्सव समारोह आज धूमधाम से निकलेगी भव्य शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

वाल्मीकि समाज विकास कल्याण समिति द्वारा आज महर्षि वाल्मीकि का प्रकटोउत्सव समारोह कार्यक्रम मे डागौर मोहल्ला स्थित मंदिर से नगर में भव्य विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी। नगर भ्रमण के बाद शोभा यात्रा का रामलीला मैदान में प्रसादी वितरण के साथ शाम 5:00 बजे समापन होगा। वाल्मीकि समाज विकास समिति के द्वारा रामलीला मैदान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

10 करोड़ रू की लागत से बनेगा नगर में गीता भवन

धार्मिक साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियों का बनेगा अध्ययन केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के कृषि प्रक्षेत्र की 0.300 हेक्टर भूमि का चयन गीता भवन के लिए किया गया है। लगभग 10 करोड़ की लागत से बनने वाले गीता भवन का संचालन और रखरखाव नगर परिषद द्वारा किया जाएगा। गीता भवन के लिए सुविधा पूर्ण भूमि का मामला अनेक माहिनो से लंबित बना हुआ था।

बनेगा भवन मिलेगी सुविधा- बालक हायर सेकेंडरी के कृषि प्रक्षेत्र की भूमि पर जब गीता भवन का निर्माण पूर्ण हो जाएगा तो नगर में एक स्थान पर अनेक लोगों को एक साथ बैठकर अध्ययन करने की सुविधा प्राप्त होगी। इसी के साथ धार्मिक साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सर्व सुविधा युक्त भवन जिसमें एक साथ 500 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी।

ऐसे स्थान की लंबे समय से नगर में भारी कमी महसूस की जा रही थी। जो गीता भवन के निर्माण से पूर्ण हो जाएगी और नगर में साहित्यिक सांस्कृतिक और अध्ययन की गतिविधियों को मंच और बढ़ावा मिलेगा। लोगों को धर्म ग्रंथो ज्ञान के अध्ययन की परंपरा से जोड़ने का भी अवसर प्राप्त होगा।

इनका कहना है...

गीता भवन सरकार की ओर से नगर वासियों विशेष रूप से छात्रों युवाओं साहित्यिक सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए बड़ी सौगात है। शीघ्र गीता भवन के लिए भूमि पूजन और निर्माण की शुरुआत होगी।

- हेमंत राजा भैया चौधरी,
अध्यक्ष नगर परिषद बरेली

रहली के वृंदावन ग्राम 'ताल सेमरा' में 31 अक्टूबर तक आयोजित की जाएगी दुग्ध प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

विकासखंड रहली के नवचयनित वृंदावन ग्राम ताल सेमरा में 31 अक्टूबर तक 'गोपाल कृष्ण पुरस्कार योजना' के तहत दुग्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देना और देसी नस्ल की गायों के संरक्षण व संवर्धन के प्रति पशुपालकों को जागरूक करना है।

आकर्षक पुरस्कार राशि

योजना की जानकारी देते हुए डॉ. नीरज ठाकुर ने बताया कि प्रतियोगिता में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन करने वाली देसी गायों के पशुपालकों को राज्य शासन द्वारा आकर्षक पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगाः प्रथम पुरस्कार 1 लाख रुपये, द्वितीय पुरस्कार 50 हजार रुपये, तृतीय पुरस्कार 25 हजार रुपये।

डॉ. नीरज ठाकुर ने बताया कि शासन द्वारा संचालित इस योजना के प्रमुख उद्देश्य प्रदेश में दूध के उत्पादन को तेजी से बढ़ाना, अधिक दूध देने वाली गायों के पालकों को आर्थिक व सामाजिक रूप से प्रोत्साहित करना एवं श्रेष्ठ एवं उच्च दुग्ध क्षमता वाली गायों की पहचान करना।इस योजना से पशुपालकों के बीच वैज्ञानिक तरीके से पशुपालन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होगी और गिर, साहीवाल, थारपारकर एवं अन्य अधिसूचित उन्नत स्वदेशी (देसी) नस्लों के पालन-पोषण और नस्ल सुधार को बढ़ावा मिलेगा

आगामी वर्षों में क्रियान्वयन की जानकारी देते हुए बताया गया कि प्रथम वर्षः प्रदेश के 208 ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों में चयनित 208 'वृंदावन ग्रामों' में इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

द्वितीय वर्ष (2026-27 से 2030-31 तक): योजना का विस्तार करते हुए प्रदेश के सभी 313 विकासखंडों में ब्लॉक स्तर पर इस प्रतियोगिता का आयोजन निरंतर किया जाएगा।

कौन ले सकता है भाग?

इस प्रतियोगिता में चयनित वृंदावन ग्राम एवं संबंधित विकासखंड के समस्त गांवों के पशुपालक अपनी उन्नत देसी नस्ल की गायों के साथ भाग ले सकते हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त पशुपालकों से इस प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने और योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर एकता दौड़ का आयोजन 31 अक्टूबर को

सागर। सरदार श्री वल्लभभाई पटेल के 151वें जन्मोत्सव दिनांक 31 अक्टूबर को पूरे देश में एकता दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य पर प्रभारी कलेक्टर जगदीश कुमार गोमे ने एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देशित किया कि एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी) का आयोजन 31 अक्टूबर को प्रातः 7.30 बजे से किया जाए। इस दौड़ में शामिल होने के लिए अधिक से अधिक युवा खिलाड़ी, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, स्कूल-कॉलेज के बच्चे, एनसीसी, एनएसएस कैडेट्स, सृजन समूह की बालिकाएं, अभिमन्यु सामुदायिक पुलिस के बालक, पुलिसकर्मी एवं विसबल वाहिनियों के पुलिसकर्मी अधिक से अधिक मात्रा में भाग लेंगे।

औद्योगिक भ्रमण से विद्यार्थियों ने सीखी व्यावहारिक शिक्षा, साइबर सुरक्षा की भी मिली जानकारी

देवरीकलां। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमुनिया चिखली के विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शारीरिक शिक्षा एवं खेल तथा हेल्थ केयर विषयों के तहत औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर से विद्यार्थियों के दल को हरी झंडी दिखाकर बस के माध्यम से भ्रमण के लिए रवाना किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को बीनाजी में स्थित शांति धारा दुग्ध उत्पादक इकाई एवं हथकरघा उद्योग का अवलोकन कराया गया। विद्यार्थियों ने दुग्ध उत्पादन एवं हथकरघा उद्योग की कार्यप्रणाली को समझा तथा विभिन्न गतिविधियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने बिना जी मंदिर के दर्शन किए। औद्योगिक भ्रमण के अगले चरण में विद्यार्थियों को देवरी पुलिस थाना ले जाया गया, जहां पुलिस अधिकारियों द्वारा साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को पुलिस की कार्यप्रणाली एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका से भी अवगत कराया गया।

धान की फसलों पर बना संकट, किसान चिंता ग्रस्त

चक्रवात का असरः बादलों से ढका आसमान, तापमान में गिरावट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

अर्नब चक्रवात के असर से दो दिनों से आसमान में घने बादलों का डेरा बना हुआ है। गुरुवार को सुबह से बादलों की सघनता बढी दिन भर सूर्यनारायण के दर्शन भी नहीं हुए। आसमान में बादल छाए रहने हवाओं में भारी नमी ठंडक आ जाने से दिन और रात के तापमान में आई भारी गिरावट से लोग दिन में ही ठंड से जूझते नजर आए। दिन में अनेक बार बारिश होने जैसी स्थिति बनी परंतु हल्की बूंदाबांदी के साथ फसलों पर आया बारिश और तेज हवाओं का संकट टल गया।

किसानों में चिंता : संपूर्ण क्षेत्र में दशहरा बाद धान की कटाई का कार्य शुरू हुआ है बाड़ी बरेली उदयपुरा तहसीलों में लगभग 1 लाख एकड़ में धान की फसले कटाई के इंतजार में खेतों में खड़ी हुई है। 50 प्रतिशत से अधिक धान की फसले पककर पीली पड़ गई



है। विलंब से बबनी वाली धान की फसले हरी बनी हुई है। बालियों में दाना भर जाने के कारण धान की फसले आड़ी भी हो रही है, जिस प्रकार मौसम बना हुआ है कभी भी हल्की या तेज बारिश और हवाएं चलने से धान की फसलों को भारी नुकसान होने की संभावना से हजारों किसान चिंताग्रस्त होने के साथ फंकी धान को हार्वेस्टरों से कटाई का प्रयास करते नजर आ रहे हैं।

खरीफ की मुख्य फसल धान-

पिछले 15 - 20 वर्षों से क्षेत्र के सैकड़ो ग्रामों में हजारों किसानों द्वारा खरीफ सीजन में मुख्य रूप से बासमती और समर्थन मूल्य पर बिकने वाली मोटी किस्म की धान की व्यापक स्तर पर खेती की जा रही है। क्षेत्र में प्रतिवर्ष लाखों कुंटल बासमती धान का उत्पादक किसानों द्वारा किया जाता है। बासमती धान से निकले चावल की देश और विदेश में भारी मांग रहती है।

चक्रवाती तूफान के कारण अचानक मौसम बदल गया है दो दिनों से बदले मौसम और आसमान में लगातार डरावने बादल बने रहने के साथ तापमान में आई गिरावट से धान की कटाई का कार्य प्रभावित हो रहा है। किसानो और क्षेत्र के निवासियों में भारी चिंता का कारण बना हुआ है।

मौसम परिवर्तन का संक्रमण काल सेहत पर पड़ रहा भारी, लोग हो रहे बीमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

बारिश का सीजन 15 सितंबर से पूरी तरह समाप्त हो गया। इस वर्ष बारिश की कमी का असर दिन और रात के तापमान में भारी अंतर के साथ नदी नालों में बहुत कम जलस्तर के रूप में दिखाई दे रहा है। बारिश की कमी से धान की फसले प्रभावित हुई कमजोर धान के कारण उत्पादन में गिरावट के संकेत भी मिलना शुरू हो गए हैं।

कार्तिक का महीना शुरू हो गया है धनतेरस दीपावली का त्योहार निकट आ रहा है। दिन में तेज धूप रात्रि में ठंडक और पिछले दो दिनों से तूफान के असर से आसमान में बादल छाए हुए हैं और तापमान में भारी गिरावट आई है। जो लोगों के



स्वास्थ्य पर भारी पड़ रही है। धान फसलों के सूखने और कभी भी बारिश बूंदाबांदी की संभावना से किसान चिंतित हो रहे हैं।

मौसम की मार हो रहे बीमार

कभी गर्मी उमस कभी ठंडक के साथ बने माहौल के कारण मौसमी बीमारियां सर्दी जुखांम बुखार बदन दर्द पेट की खराबी के मरीजों की तेजी से संख्या बढ़ रही है। सरकारी अस्पताल एवं प्राइवेट डॉक्टरो के यहां मरीजों की भीड़ लगने लगी है। दिन और रात के तापमान में आया भारी अंतर लोगों की दिनचर्या बिगड़ने का भी कारण बन रहा है।

खबर संक्षेप



छलनी में देखा पति का चेहरा, फिर खोला व्रत

रायसेन। इस बार गुरुवार को करवा चौथ पर चांद के दर्शन के लिए सुहागिन महिलाओं की आँखें तरस गई। क्योंकि बंगाली की खड़ी और उड़ीसा के समुद्र में उठे अर्बन चक्रवाती तूफान के असर की वजह से मौसम बदल गया आसमान पर बादलों ने डेरा जमा लिया था। जिससे सुहागन महिलाओं को निराशा हुई।

पति की लंबी उम्र की कामना, सोलह श्रृंगार और आसमान पर बादलों में ढंका चांद सुहागिनों ने किया इंतजार... गुरुवार को करवा चौथ पर शहर में आस्था और परंपरा का ऐसा ही रंग नजर आया। सुहागिनों ने दिनभर निर्जला व्रत रखकर पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि खुशहाली की कामना की। रात में शुभ मुहूर्त में चंद्रमा के दर्शन के लिए घरों की छत पर इंतजार किया।महिलाओं ने पहले चांद को अर्घ्य दिया, फिर छलनी से पति का चेहरा देखा। इसके बाद पति के हाथों पानी पीकर व्रत खोला। करवा चौथ को लेकर गुरुवार को सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल रहा। महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर पूजा की तैयारियां कीं। शाम होते ही सोलह श्रृंगार कर महिलाएं पूजा-अर्चना में जुट गईं। शहर की कॉलोनियों और मोहल्लों और मंदिरों में कई महिलाओं ने समूह में करवा माता, भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा की। इस दौरान करवा चौथ की व्रत कथा सुनी गई और परंपरा के अनुसार करवा बदलने की रस्म भी निभाई गई।

रेरा के नियमों को दरकिनार कर एग्रीमेंट पर हो रहा जमीन का कारोबार

प्रशासन की अनदेखी से शहर के चारों तरफ अवैध प्लॉटिंग का जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर के चारों तरफ कृषि भूमि पर अवैध प्लॉटिंग का कारोबार तेजी से फैल रहा है। शासन प्रशासन के नियमों को दरकिनार कर बगैर डायवर्शन के जमीन के टुकड़े काटे जा रहे हैं और एग्रीमेंट के आधार पर प्लॉट बेचकर खरीदारों को सुविधायुक्त कॉलोनी के सपने दिखाए जा रहे हैं। कहीं चौड़ी सड़क का वादा है तो कहीं नाली, बिजली, पेयजल और पार्क की सुविधा देने का भरोसा। लेकिन प्लॉट खरीदने के बाद कई लोगों को मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान होना पड़ रहा है।

हैरानी की बात यह है कि जिला प्रशासन पहले तीन कॉलोनियों को अवैध घोषित कर कार्रवाई के निर्देश दे चुका है, इसके बावजूद शहर के आसपास यह कारोबार थमता नजर नहीं आ रहा। अब सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने भी इस मामले को विधानसभा में उठाने की तैयारी की है।

लुभावने ऑफर का दे रहे लालच कॉलोनाइजर

इन प्लॉटिंग स्थलों के प्रचार के लिए सोशल मीडिया का भी सहारा लिया जा रहा है। आकर्षक विज्ञापनों और सुविधाओं के वादों के बीच खरीदार जमीन में अपनी जीवनभर की जमा पूंजी लगा देते हैं। बाद में जब सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी सुविधाएं नहीं मिलतीं, तब उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। वहीं, जिम्मेदार विभागों की प्रभावी निगरानी नहीं होने से ऐसे कारोबार पर अंकुश लगाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं।



विधायक बोले- विधानसभा में उठाएंगे मुद्दा

सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि शासन के निर्धारित मापदंडों को दरकिनार कर जिला मुख्यालय के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध प्लॉटिंग का कारोबार तेजी से चल रहा है। इस मुद्दे को विधानसभा में उठाने की मैं तैयारी कर रहा हूं। जिला प्रशासन को इस मामले में सख्त कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि लोगों को ठगी और असुविधाओं से बचाया जा सके।

कलेक्टर बोले - सर्वे कराकर होगी कार्रवाई

कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने कहा कि शहरी क्षेत्र से लगे गांवों में चल रहे प्लॉटिंग कारोबार का विधिवत सर्वे कराकर चिन्हांकन कराया जाएगा। इसके बाद नियमों के अनुसार कारोबार करने वालों के साथ संबंधित भूमि स्वामियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

कृषि भूमि पर प्लॉटिंग, नियमों की अनदेखी के आरोप

जिला युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हर्ष वर्धन सिंह सोलंकी, युवा भाजपा नेता विकास शर्मा और आप नेता प्रदीप मिर्धा ने बताया कि शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में कई स्थानों पर कृषि भूमि को छोटे-छोटे भूखंडों में बांटकर बेचने का कारोबार चल रहा है। कुछ कारोबारी जमीन मालिकों से एग्रीमेंट कर जमीन लेते हैं और जरूरी वैधानिक स्वीकृतियों, भू-उपयोग परिवर्तन तथा कॉलोनी विकास के प्रावधानों का पालन किए बिना प्लॉट बेचने लगते हैं। रेरा के तहत जहां लागू हो, वहां पंजीयन और अन्य जरूरी अनुमतियों की शर्तों का पालन भी जरूरी है, लेकिन नियमों की अनदेखी कर प्लॉटिंग कर रहे हैं।

दो दर्जन से अधिक गांवों में फैला कारोबार

रायसेन नगर सहित शहर से लगे खनपुरा, सेहतगंज, खरबई, कौड़ी, बारला, मेहगांव, देवनगर नकतरा नरवर,सलामतपुर और पाटनदेव सहित दो दर्जन से अधिक गांवों में पिछले एक दशक के दौरान बड़े पैमाने पर प्लॉटिंग होने की बात सामने आई है। इन क्षेत्रों में सैकड़ों एकड़ कृषि भूमि पर भूखंड काटकर बेचे जाने के दावे किए जा रहे हैं। कई स्थानों पर खरीदारों को कॉलोनी विकसित होने और सभी मूलभूत सुविधाएं मिलने का भरोसा दिया गया था। लेकिन सुविधाओं के अभाव में रहवासियों की मुश्किलें बढ़ रही हैं।

न नपा और न ग्राम पंचायत के पास पर्याप्त संसाधन

शहर से लगे इन क्षेत्रों को नगर पालिका सीमा में शामिल करने की घोषणा पहले भी हुई, लेकिन प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। नतीजा यह है कि बढ़ती आबादी के बावजूद इन इलाकों में विकास कार्यों की जिम्मेदारी और व्यवस्थाओं को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। नगर पालिका सीमा से बाहर होने के कारण शहरी सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा। वहीं ग्राम पंचायतों के पास भी बढ़ती आबादी की जरूरतों के अनुरूप संसाधन नहीं हैं। इसका खामियाजा हजारों परिवारों को भुगतना पड़ रहा है।

गुटखा के पैसे मांगने पर विवाद डंडे से पिटाई से ग्राहक की मौत

घायल युवक इलाज कराने पहुंचा था अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन/बेगमगंज

पान की गुमटी पर गुटखे के पैसे मांगने को लेकर हुआ मामूली विवाद अचानक गंभीर हो गया। कहासुनी के दौरान दुकानदार ने कथित तौर पर ग्राहक के पैर पर डंडे से वार कर दिए। इसके बाद ग्राहक इलाज कराने सिविल अस्पताल पहुंचा, जहां कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दुकानदार से पूछताछ शुरू कर दी है और पुलिस को फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम हप्सिली निवासी पपई उर्फ वीर सिंह सेन सुबह बेगमगंज में बल्लू की पान की गुमटी पर गुटखा खरीदने पहुंचा था। गुटखे के पैसे मांगने पर दोनों में कहासुनी हो गई। बताया जाता है कि विवाद के दौरान पपई ने दुकानदार को मारने के लिए पत्थर उठा लिया। इसके बाद दुकानदार ने कथित तौर पर गुमटी से डंडा निकालकर उसके पैर पर दो-तीन वार कर दिए। घटना के बाद पपई इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचा, लेकिन कुछ समय बाद उसकी मौत हो गई।

मामूली चोट के बाद मौत, उठे सवाल

पैर में चोट लगने के बाद अस्पताल पहुंचे ग्राहक की अचानक मौत ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या मौत का कारण मारपीट में लगी चोट थी या इसके पीछे कोई अन्य वजह रही? फिलहाल इन सवालों के जवाब सामने नहीं आए हैं। केवल घटनाक्रम के आधार पर मौत को मारपीट का नतीजा मानना जल्दबाजी होगी।

मौत की वजह स्पष्ट नहीं, पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार



पुलिस दुकानदार को पूछताछ के लिए थाने ले गई

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पूछताछ के लिए दुकानदार बल्लू को थाने ले जाया गया। बताया गया कि मृतक की इकलौती बहन को उसके ससुराल से बुलाया गया।ताकि शव के पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी कराई जा सके।

पीएम रिपोर्ट से स्पष्ट होगी मौत की वजह

बेगमगंज पुलिस के अनुसार, फिलहाल मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट नहीं हैं। टीआई राजीव उईके ने बताया कि शव की पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच में सामने आने वाले तथ्यों से ही पता चलेगा कि मौत किन परिस्थितियों में हुई और पैर में लगी चोट का उससे कोई संबंध था या नहीं। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

4 को जिला स्तरीय युवा उत्सव, पांच विधाओं में दिखेगी युवाओं की प्रतिभा, 15-29 वर्ष तक के युवा लेंगे हिस्सा

रायसेन। युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच देने जिला स्तरीय युवा उत्सव-2027 का आयोजन 4 नवंबर को रायसेन में किया जाएगा। इसमें 15 से 29 वर्ष तक के युवा पांच विधाओं में अपनी कला और हुनर का प्रदर्शन करेंगे। उत्सव का आयोजन स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय (पीएम श्री उत्कृष्ट महाविद्यालय) के ऑडिटोरियम हॉल में होगा। युवा उत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर रोहित सिसोनिया की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें आयोजन की रूपरेखा तय करने के साथ संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कलेक्टर ने महाविद्यालय के प्रभारी अधिकारी को आयोजन की संपूर्ण तैयारी करने के निर्देश दिए। जिला स्तरीय युवा उत्सव में समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत, पेंटिंग, कविता लेखन और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं होंगी।

पॉलीटेक्निक कॉलेज में पीएम किसान सम्मान निधि वितरण कार्यक्रम होगा आज

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह होंगे शामिल, कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 24वीं किश्त के वितरण दिवस 30 अक्टूबर को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर के दशहरा मैदान स्थित पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर में केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुख्य आतिथ्य में आज शुक्रवार को सुबह 9.45 बजे कार्यक्रम आयोजित होगा। कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने गुरुवार को कार्यक्रम स्थल पॉलीटेक्निक कॉलेज पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने यहां अधिकारियों की बैठकर लेकर उन्हें कार्यक्रम के सफल, सुव्यवस्थित एवं गरिमामय आयोजन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल पर बैठक व्यवस्था, मंच, पेयजल, साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, पार्किंग सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रभारी एसपी अंकित जायसवाल, जिला पंचायत सीईओ कमल सोलंकी, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय सहित संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन का लाइव प्रसारण देखा जाएगा। कार्यक्रम स्थल पर कृषि यंत्रों एवं विभिन्न कृषि उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी।



'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान की तैयारी, भाजपा की बैठक में बनी रणनीति

भाजपा श्रीराम परिसर में जुटे भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता, किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

आगामी 'लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ' अभियान के तहत प्रस्तावित कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर भाजपा श्रीराम परिसर में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के साथ संगठनात्मक तैयारियों और विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

पदाधिकारियों ने अभियान को सफल और प्रभावी बनाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों तथा कार्यक्रम के संचालन से जुड़े जरूरी बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया। बैठक में सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी और भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान आगामी कार्यक्रम को लेकर रणनीति बनाई गई और आयोजन की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने पर जोर दिया। पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अभियान को लेकर अपने सुझाव भी रखे।



बैठक में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी रहे मौजूद

बैठक में नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य उर्फ जीतू शर्मा, नगर परिषद सांची अध्यक्ष रेवाराम उर्फ पप्पू अहिरवार, कल्याण सिंह अहिरवार, बबलू जाटव, राजेश पंथी, जगदीश अहिरवार, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जमना सेन, नपाध्यक्ष सविता सेन, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत सिंह उर्फ बबलू मीणा, जिपं सदस्य राकेश पूजा चौकसे, ब्रजेश चतुर्वेदी और वीरसिंह पटेल सहित अन्य पदाधिकारी-कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

रायसेन में बनेगा सोनी समाज का नया भवन

रायसेन। सर्व स्वर्णकार सोनी समाज विकास समिति द्वारा महाराज अजमीढ़ देव की जयंती श्रद्धा भक्ति के साथ मनाई। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने एकजुटता के साथ सामाजिक विकास और शिक्षा को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। इस दौरान रायसेन में सोनी समाज के नए भवन के निर्माण की बात भी सामने आई। कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर यशपाल सोनी स्वर्णकार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए, जबकि समिति अध्यक्ष राजकिशोर सोनी ने अध्यक्षता की। डिप्टी कलेक्टर श्री सोनी ने समाज के लोगों से शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने और आपसी एकता बनाए रखने की अपील की। उन्होंने सामाजिक विकास के लिए संगठित प्रयासों की जरूरत पर जोर दिया। कार्यक्रम में नई पीढ़ी को बेहतर शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने पर चर्चा की गई।

तेज रफ्तार 407 वाहन ने मवेशियों को रौंदा, एक पड़िया की मौत, 9 भैंसे घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर/दीवानगंज

जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मादा में तेज रफ्तार एक 407 वाहन ने सड़क पर जा रहे मवेशियों को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे एक पड़िया की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई भैंसे गंभीर रूप से घायल हो गईं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना गुरुवार को सुबह करीब 8 बजे की है। ग्राम मादा निवासी एक किसान अपनी और अन्य ग्रामीणों की भैंसों को चराने के लिए जंगल की तरफ लेकर जा रहा था। जैसे ही मवेशी ग्राम मादा में माता मंदिर के पास आम रोड पर पहुंचे, तभी भगवनपुर कॉलोनी की तरफ से आ रहे 407 वाहन (क्रमांक एमपी 04 वाईएक्स 5061) के चालक ने अपने वाहन को अत्यधिक तेज गति और लापरवाही से चलाते हुए मवेशियों को जोरदार टक्कर मार दी।



इस भयानक टक्कर में रोहित सेन की एक पड़िया की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं लगभग 9 से अधिक भैंसे गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। घायलों में रोहित सेन की 3 भैंसे, अशोक यादव की 1 भैंस, चरण सिंह यादव की 1 भैंस, महेश यादव की 1 भैंस तथा प्रार्थी की अपनी 3 भैंसे शामिल हैं। हादसे का शिकार हुई सभी भैंसे और पड़िया काले रंग की थीं, जिनके शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। घटना के वक्त रोहित सेन और अशोक यादव मौके पर ही मौजूद थे, जिन्होंने इस पूरी दुर्घटना को देखा।

घटना की सूचना मिलने पर सलामतपुर थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी ने तत्काल पुलिस बल को मौके पर भेजा और मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 281 और 325 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। इस मामले की आगे की जांच सहायक उप-निरीक्षक मोहनलाल यादव को सौंपी गई है, जो मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटा रहे हैं और फरार वाहन चालक की तलाश में जुट गए हैं।

अलग-अलग रूप धरकर कर रहे मनोरंजन

15 साल बाद दीवानगंज में फिर गूंजा बहुरूपिया कला का रंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

मोबाइल, इंटरनेट और टीवी के दौर में जहां पारंपरिक लोक कलाएं धीरे-धीरे गुम होती जा रही हैं, वहीं राजस्थान से आए बहुरूपिया कलाकार इंसाफ खान अपनी पुश्तैनी कला को जिंदा रखने की कोशिश कर रहे हैं।

करीब 15 साल बाद दीवानगंज क्षेत्र में बहुरूपिया कला की वापसी हुई है। कभी भील, कभी रावण तो कभी शूर्पणखा का रूप धारण कर गलियों और गांवों में पहुंच रहे इंसाफ खान लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। उनकी वेशभूषा, चेहरे का श्रृंगार और अभिनय देखकर बुजुर्गों को पुराने दिनों की याद आ रही है, वहीं बच्चे और युवा इस लोककला को उत्सुकता से देख रहे हैं।



राजस्थान के सीकर जिले के हंसपुर निवासी इंसाफ खान पिता पप्पू खान इन दिनों अपनी टोली के साथ अंबाड़ी गांव में डेरा डाले हुए हैं।

वे करीब दो महीने से दीवानगंज क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में पहुंचकर विभिन्न किरदारों का रूप धारण कर रहे हैं।

करवा चौथ की रौनक फीकी,बाजारों में महिलाओं का इंतजार करते रहे दुकानदार

चक्रवात 'अर्नब' का असर, 4 घंटे रिमझिम बारिश के साथ ठंड की दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

बंगाल की खाड़ी से उठे चक्रवात 'अर्नब' के असर से रायसेन में मौसम का मिजाज बदल गया है। पिछले 5 दिनों में रात के तापमान में करीब 2 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। बुधवार से आसमान में बादल छाने और ठंडी हवा चलने से मौसम में ठंडक बढ़ गई है।

गुरुवार को आसमान में घने बादल छाए रहे और करीब चार घंटे तक लगातार रिमझिम बारिश का दौर चलता रहा। रिमझिम बारिश के साथ चलीं ठंडी हवाओं ने मौसम में ठंडक घोल दी। अचानक बदले मौसम का असर करवा चौथ के त्योहार पर भी दिखाई दिया। महिलाओं की खरीदारी और बाजारों की रौनक प्रभावित हुई, वहीं दुकानदार ग्राहकों के आने का इंतजार करते नजर आए। मौसम में आए इस बदलाव का असर दिन और रात, दोनों के तापमान पर पड़ने की संभावना है। बादलों के छाए रहने और हवाओं के चलने से लोगों को मौसम में ठंडक महसूस हो रही है। वहीं, सुबह और शाम के समय मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है।



मौसम वैज्ञानिक के मुताबिक मौसम विभाग के अलर्ट के बीच रायसेन में अगले दो दिनों तक चक्रवाती तूफान 'अनब' का असर बने रहने की संभावना जताई गई है। प्रदेश के करीब 31 जिलों में इस मौसम प्रणाली का प्रभाव बताया जा रहा है। जबकि लगभग सात जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी होने की जानकारी है। रायसेन के लिए भी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में गिरावट और ठंडक बढ़ने का असर महसूस किया जा रहा है।

बारिश ने बिगाड़ा करवा चौथ के त्योहार का उत्साह

गुरुवार को सुहागन महिलाओं ने पति की लंबी उम्र और सुख-समृद्धि की कामना के लिए करवा चौथ का निर्जला व्रत रखा। त्योहार के चलते बाजारों में महिलाओं की खरीदारी की उम्मीद थी, लेकिन लगातार बारिश के कारण बाजारों की रौनक फीकी पड़ गई। बारिश और ठंडी हवाओं के बीच दुकानदार ग्राहकों का इंतजार करते रहे। मौसम की बेरुखी ने त्योहार की तैयारियों पर असर डाला।

दिनभर छाए रहे काले बादल

सुबह करीब 20 मिनट हुई हल्की बारिश, बढ़ी सर्दी

सिलवानी। नगर में चक्रवाती तूफान अर्नब का असर देखने को मिल रहा है। गुरुवार को दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहे। सुबह के समय करीब 20 मिनट तक हल्की बारिश हुई, जिससे मौसम में अचानक बदलाव महसूस किया। बारिश के बाद ठंडी हवाएं चलने से लोगों को सर्दी का अहसास होने लगा। हालांकि, बारिश की मात्रा कम होने के कारण मौसम में कोई बड़ा बदलाव नहीं आया, लेकिन वातावरण में ठंडक जरूर महसूस की गई। सुबह से ही आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रही। हल्की बारिश से जमीन की ऊपरी सतह में नमी दिखाई दी।

